## नवांकुर सखी- हरियाली यात्रा के अंतर्गत सखी से साथ मिलकर किया पौधारोपण

# स्कूली बच्चों और सखियों को दिलाई गई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



म प्र जन अभियान परिषद के तत्वाधान में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव के निर्देशन पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् प्रदेश के 313 विकास खंड के 1565 सेक्टर में हरियाली अमावस्या से पाँच दिवसीय नवांकुर सखी- हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है, इसी तारतम्य में जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन एवं पर्यावरण विद विनोद तिवारी, परामर्श दाता लता नागले, तृप्ति सिंह,आशीष साहू, जय प्रकाश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति छिंदवाड़ा के अध्यक्ष डॉ महेश बंदेवार एवं परामर्शदाता लता नागले द्वारा सेक्टर क्रमांक 3 बोहनखैरी में नवांकुर सखी को पौधे भेंट किये गए, इस कार्यक्रम में नवांकुर सखी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान कर बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव के निर्देश पर म. प्र.जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली जा रही है, इसमें नवांकुर सखी को बीज रोपित थैली का वितरण किया जा रहा है। इन थेलियों को अपने घर पर सुरक्षित रखना और इन थेलियों से पौधा बडा होने तक देख-रेख करना है, और गाँव में या परिवार में किसी का जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, किसी की पुण्य तिथि या अन्य किसी सामाजिक अवसर पर इन पोंधो को सुरक्षित स्थान पर रोपण करना व पेड़ होने तक देख-रेख करना है ताकि हमारा गांव हरा भरा हो सकें नवांकुर संस्था अध्यक्ष महेश बंदेवार ने नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे द्वारा नर्सरी निर्माण किया गया है उसी के पौधे आप लोगों को निःशुल्क वितरित किए जा रहे है। संस्था अध्यक्ष महेश बंदेवार ने सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई एवं कहा कि आज पर्यावरण को सुरक्षित रखने का अवसर है हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगा कर उन्हें सुरक्षित रखना होगा और पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को जानकारी प्रदान की ।इस अवसर पर नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति छिंदवाड़ा अध्यक्ष महेश बंदेवार, परामर्श दाता लता नागले,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , शा हाई स्कूल बोहनखैरी के शिक्षक गण, बच्चे, सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिलाएं ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संत विद्यासागर गौशाला मेघासिवनी में की गौसेवा, किया पौधारोपण



**छिंदवाड़ा।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में वर्ष 1985 से अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाकर विविध अनुष्ठान किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत श्रावण शुक्ल तीज रविवार के शुभ दिन फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक के साथ सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ, आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे सहित सुमित्रा पवार, भूमिका धुवारे एवं अवनीश गौतम छिंदवाड़ा के मेघा सिवनी स्थित संत विद्यासागर गौशाला पहुंचे ओर सभी 800 गौवंश की सेवा कर उन्हें खली, चुनी एवं गुड खिलाकर आहार दान दिया। इस अवसर पर अहिंसा प्रेमी दीपक राज जैन, प्रशांत जैन एवं गौशाला के सेवाभावी मैनेजर अजय जैन सहित सभी अहिंसा प्रेमियों ने गौशाला परिसर में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बिछुआ बस स्टैंड में हुआ हरिनाम सप्ताह का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** बिछुआ बस स्टैंड में जिला सहकारी बैंक के सामने भीमसेन बाबा मंदिर में रविवार को हरिनाम सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरिनाम सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के धर्म प्रेमियों के द्वारा अच्छी बारिश की कामना के उद्देश्य किया गया। हरिनाम सप्ताह कार्यक्रम के समापन के अवसर पर दही लाई एवं भंडारे की प्रसादी का भी वितरण किया गया इस दौरान बिछुआ नगर पुरोहित पंडित हरिप्रसाद दुबे ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना भी कराई। सप्ताह के आयोजित होने से हरि नारायण गोविंदे के जयघोष नगर में गूंजेमान होते रहे।

## श्रावण मास में प्रतिदिन मंदिरों में लग रहा श्रद्धालुओं का तांता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की सुप्रसिद्ध देव स्थलीय पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पूजन अर्चन करने पहुंच रहे हैं महादेव की नगरी जुन्नारदेव में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है खास तौर पर श्रावण मास में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु विशाला मंदिरों में पहुंचकर अविरल जलधारा में स्नान कर भगवान शिव का पूजन अर्चन अभिषेक करते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्र से कावड़ यात्रा निकालकर भी श्रद्धालु कावड़ के जल से भगवान शिवलिंग का अभिषेक जुन्नारदेव विशाला मंदिरों में कर रहे हैं।

जुन्नारदेव विशाला क्षेत्र के रहवासी अरुण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन मंदिरों में पूजन अर्चन करने पहुंच रहे हैं साथ ही नागद्वारी मेला जाने वाले श्रद्धालु भी पहली पायरी के मंदिरों में पूजन अर्चन उपरांत ही अपनी यात्रा का पड़ाव पूरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समूचे जुन्नारदेव क्षेत्र की जनता श्रावण के सोमवार को पूजन अर्चन अभिषेक करने मंदिरों में पहुंच रही है इस दौरान श्रद्धालु अविरल जलधारा में स्नान करने के उपरांत पूजन अर्चन कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से श्रावण मास के सोमवार को शिव की नगरी जुन्नारदेव विशाला में पूजन अर्चन कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट

**जुन्नारदेव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से श्रीमति सविता अशोक भोसम जी अध्यक्ष जनपद पंचायत जुन्नारदेव ने की सौजन्य भेंट एवं प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। बैतूल के घोड़ाडोंगरी पाढर मण्डल के बूथ क्र.339में माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

## देशभर के हजारों विद्यार्थी शिविर से लाभान्वित



**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल में चार दिवसीय विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का समापन सम्पन्न हुआ । विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों का सिंचन हों , स्वस्थ रहें , परीक्षा में अत्यधिक अंक अर्जित करें , देशसेवा के दैवीय गुण विकसित हों ; इस निमित्त प्रतिवर्ष यह आयोजन सम्पन्न होतें हैं । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि आध्यात्मिक शिक्षा के बिना आधुनिक शिक्षा अधूरी है । अच्छे संस्कारों का सिंचन , स्वस्थ रहने के लिए योगासन , मातृभूमि के प्रति लगाव , देश भक्ति के दैवीय गुण हमें आध्यात्मिक शिक्षा ही प्रदान करती है । उक्त गुरुकुल में देश के 24 राज्यों और विदेशों के विद्यार्थी भी अध्ययनरत हैं । आधुनिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा के समन्वय के कारण ही विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास सम्भव होता है । पूज्य बापूजी के आशीर्वाद से देशभर में संचालित सैकड़ों गुरुकुलों में इन दिनों देशभर में यह आयोजन सम्पन्न हो रहें हैं । गुरुकुल छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थी तो नियमित इन विद्याओं से परिचित हैं ।शहर के बच्चे भी भारी संख्या में अध्ययनरत हैं। इस वजह से उनके ज्ञान में वृद्धि हो इसलिए शिविर का आयोजन किया गया । ऐसे शिविरों के कारण ही बच्चों की वास्तविक योग्यता में निखार आता है । यही गुरुकुल शिक्षा पध्दति भी है ।मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मोटिवेशन गुरु डॉ. अमर सिंह , राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त विनोद तिवारी , योगाचार्य डॉ. राम शंकर , गोविंद भाई , बाल संस्कार के प्रशिक्षक एवं आर्किटेक्ट इंजीनियर प्रवीण भाई , राघवेंद्र वसूले जी ने तीन दिनों तक अलग - अलग सत्र लेकर बच्चों का भविष्य उज्जवल हो ; इस निमित्त जरूरी टिप्स प्रदान किये ।

## मन की बात का 124वां एपिसोड का प्रसारण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 124वें मन की बात कार्यक्रम का श्रवण पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। मंडल के 51 में से 50 बूथों पर यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जो संगठन की दृढ़ता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का परिचायक है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मंडल में ₹मन की बात₹ प्रमुख मयंक साहू के संयोजन में यह आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम की सफलता का सम्पूर्ण श्रेय भाजपा परिवार के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, बूथ स्तर के पदाधिकारियों तथा समर्पित स्वयंसेवकों को जाता है। जिनके अथक प्रयासों से यह जनजागरण का अभियान जन-जन तक पहुँचा।

## वार्ड 4 के निर्माण स्थल का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में वार्ड के निवासियों द्वारा लगातार सड़क निर्माण की बात की है जिसे ध्यान रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 3:30 लख रुपए लागत से पेपर ब्लॉक सड़क निर्माण का कार्य का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैल्यूट नगर पालिका के उपयंत्री अनुराग सरिया सुरेश मिश्रा सहित वार्ड वासियों की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ उक्त निर्माण को करने के निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए एवं समय अवधि में कार्य पूर्ण करने की बात कही कई वर्षों से उक्त सड़क की मांग वार्ड वासियों द्वारा की जा रही थी जिसे नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के द्वारा स्वीकृत कर निर्माण कर पूर्ण गुणवत्ता से करने की आदेश किया सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास से ही नगर में निरंतर विकास कर जारी है वार्ड वासियों ने नगर पालिका परिषद को धन्यवाद प्रेषित किया।

## ग्राम सोनपुरी में मनाया गया दक्ष प्रजापति जयंती



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** विगत दो वर्षो से ग्राम सोनपुरी में दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जा रही हैं कुंभकार समाज के युवाओं के द्वारा शानदार तरीके से इस उत्सव को मनाया जा रहा है जिसे देखकर समाज के वरिष्ठ श्री राम सजीवन जी की आंखें खुशी से डब डबाआ गई साथ ही समाज के नारी शक्ति और युवाओं में काफी उत्साह देखा गया बच्चे भी काफी प्रफुल्लित मुद्रा में नजर आए और सभी ने मिलकर बहुत ही उत्साह के साथ राजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती का आनंद ले रहे हैं दक्ष प्रजापति, जिन्हें अक्सर केवल दक्ष कहा जाता है, हिंदू पौराणिक कथाओं में एक प्रमुख पात्र हैं। वे प्रजापति हैं, सृष्टिकर्ता ब्रह्मा के मानस पुत्रों में से एक, और एक पूर्वज और दिव्य राजा के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं । वे सती के पिता भी हैं, जो बाद में भगवान शिव की पत्नी बनीं। जहां इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ग्राम पंचायत सरपंच सुनील उइके, समाज सेवी संदीप गजभिये, आर्यन तिलासे,कुंभकार समाज अध्यक्ष राजेश ग्रेसिया, सुरेश सेंदरे दिपक पज़ापति,किशोर रक्षा, राहुल, अजय शनिचरे,नंदकिशोर, लखन, मिथुन रक्षा,विनय,शकर विमल, सुरेद गसिया, दिलीप, हिरामन एवं समस्त कुंभकार समाज एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा निकाल कर वितरित किए गए पौधे

# सिकन्द्रा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विकासखंड वारासिवनी के सेक्टर क्रमांक 03 वारासिवनी में हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पौधा लेकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के सामने विकासखंड समन्वयक अफसा खानद्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने हरियाली यात्रा को लेकर अपने विचार रखे। शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने कहा कि जन अभियान परिषद धरातल पर कार्य करता हैं, परिषद द्वारा चलाए जाने वाले अभियान समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम सभी को मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करना चाहिए।

अतिथि निरंजन बिसेन ने कहा कि नारी शक्ति को महत्व देना हरियाली यात्रा कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य हैं। सरकार ने महिलाओं के महत्व को समझते हुए यह कार्यक्रम चलाया हैं, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायत सिकन्द्रा के सरपंच कन्हैया लाल खैरवार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें ऐसे कार्यक्रम चलाना चाहिए और हमें ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम में नवांकुर सखियों ने कलश यात्रा निकाली एवं पौधे वितरित किए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ शिव मंदिर में किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन परामर्शदाता सावित्री राणा द्वारा एवं उपस्थित अतिथियों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त विकासखंड समन्वयक अफसा खान द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में निरंजन बिसेन अध्यक्ष व संस्थापक कैरियर शिक्षा समिति, प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी, कन्हैयालाल खैरवार सरपंच ग्राम पंचायत सिकंद्रा, अफसा खान विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद वारासिवनी, शिवदयाल बोपचे अध्यक्ष आत्मा एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसायटी नवांकुर संस्था, नामदेव राऊत सचिव ग्राम पंचायत सिकन्द्रा कृष्णा पराते प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी, थानेन्द्र नगपुरे सहायक सचिव, परामर्शदातागण सावित्री राणा, सत्यवती नगपुरे, कोमेन्द्र बिसेन, लाकेश पारधी, नारायण बिसेन, राजकुमार लिल्हारे अध्यक्ष नवांकुर संस्था, राकेश मिश्रा प्रभारी नवांकुर संस्था, अंकित बिसेन, नवांकुर सखी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## 11 केवी की चपेट में आया बिजली कर्मचारी



### रूपेश बाहेश्वर बना मददगार, घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के मुंदीवाड़ा में 11 केवी की चपेट में आने से एक आउट सोर्स बिजली कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल कर्मचारी को सरकारी अस्पताल कटंगी में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है. घटना रविवार की दोपहर 03 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. मिली जानकारी अनुसार बोथवा निवासी राकेश पिता प्रेमचंद राहंगडाले एलटी लाईन में सुधार करने के लिए विद्युत पोल में चढ़ा हुआ था. इसी दौरान राकेश का हाथ एलटी लाईन के ऊपर से गुजर रही 11 केवी के तार से टकरा गया. प्रत्यक्षदर्शी रूपेश ने बताया कि राकेश झुलसते हुए पोल से नीचे गिरा जो पोल के नीचे बिछी खटिया में गिरा. अगर, राकेश सीधे जमीन पर गिरता तो मौत भी हो सकती थी. घटना के वक्त राकेश के साथ और एक कर्मचारी था. राकेश को रूपेश बाहेश्वर ने तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया. राकेश के दोनों हाथ, पीठ और गर्दन झुलस गया है. जानकारी के अनुसार कटंगी में बिजली केb खंभे पर काम करते समय आउटसोर्स कर्मचारी को करंट लग गया और वह छटपटाते हुए नीचे गिर गया. आउटसोर्स कर्मचारी के पास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे और ना ही 11 केवी को बंद करवाया गया था।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु नवांकुर सखी द्वारा कलश यात्रा का आयोजन ग्राम सोनपुरी में



हरिभूमि न्यूज उकवा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर द्वारा पर्यावरण संरक्षण संवर्धन हेतु नवांकुर-सखी हरियाली यात्रा के माध्यम से पर्यावरण बचने का संदेश दिया गया हरियाली-यात्रा एवं एक पेड़ मां ले नाम कार्यक्रम आज बिठली सेक्टर के ग्राम सोनपुरी में किया गया शिव मंदिर से कलश प्रज्वलित कर, कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में चिन्हाकित नवांकुर सखियों के अलावा ग्रामीण बहने व ग्रामीणों की भी सहभागिता रही नवांकुर-सखीयों द्वारा कलश यात्रा में पर्यावरण संरक्षण संदेश के नारे लगाते हुए व नृत्य कला मंडली के माध्यम से ग्राम का भ्रमण किया गया यात्रा का समापन कार्यक्रम पंचायत सभाकक्ष में अतिथियो के उदबोधन के साथ हुआ जिसमे सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश उपस्थित जनो को सुनाया गया इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा नवाँकुर सखियों व उपस्थित जनसमुदाय को, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व के विषय में जानकारी दी गई जिसमे बताया गया कि पर्यावरण को बचाने हेतु नवांकुर सखी का क्या योगदान हो सकता है तथा जिस तरह मां अपने बच्चे का पोषण करती है उसी तरह एक पेड़ का पोषण कैसे किया जाए यह कार्य एक मां ही अच्छे से कर सकती है और यह संदेश आज की आवश्यकता है कार्यक्रम में महामंत्री श्री तपेश घुले श्री मंडल अध्यक्ष विजय पटले रेंज ऑफिसर आशुतोष जी विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले प्रधान पाठक शोभाराम तेकाम श्री कांतिलाल चौहान शिवनाथ यादव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उदबोधन उपरान्त महिलाओं को शीशम जामुन आंवला करंज काजू आदि के पौधे वितरित किए व शुभकामनाएं दी गई, इस अवसर पर परामर्शदाता श्री सुरेश यादव जनभागीदारी समीती के अध्यक्ष श्री राजीव परते एंव मुख्यमंत्री सामुदासिक नेतत्व क्षमता विकास पाठय़क्रम के छात्र संदीप गजभिये विमल भावे, अभय यादव ज्योति वरकड़े साधना मडावी हेमलता राहंगडाले किरन पीहू ज्योति कुर्वेति दीपा मेश्राम पूर्णिमा राहंगडाले अविका यादव सरिता मात्रे सुजल परते, रोशनी गजभिये का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल का रक्तदान शिविर आज होगा आयोजित

***रक्तदान शिविर का आयोजन एकल संच राम कथा पंडाल कोटेश्वर प्रागण में किया जाएगा***

**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** रक्त और पानी की दो ऐसी वस्तुएं हैं, जिनको बनाया नहीं जा सकता रक्तदान बहुत बड़ा दान है। रक्तदान से हजारों जीवनों को बचाया जा सकता है। समय समय पर रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और युवाओं में मानव सेवा की भावना बढ़ती है, साथ ही वह नशों से भी दूर रहता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के लाँजी प्रखंड अध्यक्ष राजू रामटेक़्कर ने कहा विश्व हिन्दू परिषद बंजरग दल हिन्दू समाज को संगठित करने का कार्य करता है। इसी तारतम में श्रवण मास के तीसरे सोमवार को दादा कोटेश्वर धाम लांजी के प्रांगण में 28 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। यह रक्तदान शिविर का आयोजन कोटेश्वर धाम लांजी में चल रहे एकल संच राम कथा पंडाल में आयोजित किया जाना है। इस रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा दानदाता को पहुंचाने की अपील विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड लांजी ने की है।




## ग्रामीणों को पास में सुविधा मिले, ऐसी जगह बनाया जायेगा नवीन जनपद पंचायत भवन- पटेल

# विधायक विवेक पटेल की उपस्थिति में नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने जगह चयन को लेकर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा वारासिवनी क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी गई हैं। उन्होंने विधायक विवेक विक्की पटेल के मुलाकात के बाद 5 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नवीन जनपद पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान की हैं।

नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने की चर्चा को जनपद पंचायत वारासिवनी के सभा कक्ष में विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी जनपद सदस्यों ने जगह चयन को लेकर अपनी-अपनी राय रखी। विधायक विवेक विक्की पटेल ने नवीन जनपद पंचायत भवन की जगह चयनित को लेकर जनपद पंचायत भवन के पीछे खाली पड़ी भूमि, सी एम राइज स्कूल के बाजू की भूमि, बीएसएनएल ऑफिस के बाजू में खाली पड़ी भूमि को पटवारी के माध्यम से सर्वे करवा कर किसी एक जगह को चयनित करने अपनी बात रखी।

इस दौरान एसडीएम राजीव रंजन पांडे, जनपद सीईओ दीक्षा जैन, एसडीओ सरोज सरैया, बीआरसी सतेन्द्र शरणागत, जनपद अध्यक्ष माया उइके, उपाध्यक्ष पुष्पा किशोर अमूले, सदस्य संदीप राणा, कृष्णा हनवत, रेखलाल कटरे, फूलचंद पटले, श्रीराम गौतम, लक्ष्मी नगपुरे, लोमेश्वरी पटले, अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार सहित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से मुलाकात कर वारासिवनी में नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने की मांग की गई थी। जिसके बाद मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा बालाघाट जिले के कटंगी और वारासिवनी में नवीन जनपद पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान की है। जिसका निर्माण कार्य भी बहुत जल्द प्रारम्भ हो जायेगा। नवीन जनपद पंचायत भवन का निर्माण हेतु लगभग दो एकड़ भूमि की आवश्यकता हैं, नवीन जनपद पंचायत भवन ऐसी जगह बने, जो सभी ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े, सभी ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध हो।

# कैशलेस उपचार के लिए चिन्हित किए गए जिले के हॉस्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि प्रदेश में बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए शासन द्वारा दुर्घटना पीड़ति व्यक्तियों के लिए नकद रहित उपचार योजना 2025 लागू की गई है जिसमें मोटर वाहनों के उपयोग से हुई सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि तक प्रति पीड़ति 150000 रुपए तक के कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की गई है ।

जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ति व्यक्तियों का समय रहते हुये उपचार किया जा सके और उनकी जान बचाई जा सके। जिसके अंतर्गत जिले में संचालित सभी प्राईवेट हॉस्पिटल को स्टेबलाईजेशन पैकेज के तहत उपचार एवं सेवाये



प्रदान करना अनिवार्य है इस हेतु सभी पंजीकृत अस्पतालों के पास एचएफआर आई डी होना आवश्यक है ।

इस हेतु जिले में संचालित सभी प्राईवेट हॉस्पिटल को ईडार पोर्टल पर पंजीकृत किये जाने हेतु जीएनएमटीसी में प्रशिक्षण रखा गया । उक्त प्रशिक्षण अमोल शुक्ला डीआरएम एन आई सी द्वारा प्रदान किया गया जिसमें वरदान नेत्रालय , हर्षा हॉस्पिटल , शिफा हॉस्पिटल, न्यू लाईफ मल्टीसेशिलिटी हॉस्पिटल, क्रिश्चन हॉस्पिटल, जागेश्वर नाथ मेमोरियल हॉस्पिटल, श्रीकृष्णा हॉस्पिटल, सोलंकी हॉस्पिटल, जिंदल हॉस्पिटल, सेवासदन हॉस्पिटल, सांई राम हॉस्पिटल, सिद्दू हॉस्पिटल, जटार हॉस्पिटल, बिसेन हॉस्पिटल, दीप हॉस्पिटल , आशीर्वाद हॉस्पिटलएवं यश चिल्डन हॉस्पिटल की लागिन आई डी पासवर्ड बनाया गया ।

उक्त प्रशिक्षण संदीप सोनकेसरिया की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया । सुविधा प्रदान की गई है । जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं से पीड़ति व्यक्तियों का समय रहते हुये उपचार किया जा सके और उनकी जान बचाई जा सके।

## कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर बलिदानियों की निष्ठा और समर्पण को याद करने का दिन..मातृ शक्ति संगठन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 26जुलाई कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, बलिदान और अदम्य साहस को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक है। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर जवानों ने कठिनतम परिस्थितियों में दुश्मन के कब्जे से भारतीय भूमि को मुक्त कराकर राष्ट्र का मस्तक ऊँचा किया। मातृ शक्ति संगठन द्वारा इस दिन को प्रति वर्ष पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है ताकि हम भी अपनी सेनाओं का कुछ कर्ज अदा कर सकें।

इस दिन संगठन ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ देश भक्ति के गीतों को पूरे उत्साह के गाते हुए फौजी भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणोंत्कर्ष करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

# खुले गड्ढों और जलभराव वाले क्षेत्रों से बच्चों को रखें दूर - आशीष भराड़े एसडीओपी

**बरसात के मौसम में लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केवलारी।



सड़कों, निर्माणाधीन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी से भरे गहरे गड्ढे खतरनाक बनते जा रहे हैं। जिनके कारण जिले में कुछ घटनाएं हुई हैं जिसमें छोटे नन्हे बच्चों की पानी के गड्ढों में डूबने से मृत्यु हो चुकी हैं ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने आम जनता, विशेष रूप से अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

पुलिस विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि छोटे बच्चे अक्सर पानी से भरे गड्ढों के आसपास खेलते हुए दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को खुले जलस्त्रोतों, नालों, और जलभराव वाले स्थानों से दूर रखें।

विज्ञप्ति में केवलारी एसडीओपी आशीष भराड़े ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। थोड़ी सी सावधानी बड़े हादसे को टाल सकती है। वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता जरूरी है।यदि कहीं पर कोई खुला खतरनाक गड्ढा, नाला या जलस्त्रोत हो, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना, नगर परिषद या जिला प्रशासन को दें ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही वर्षा ऋतु के चलते नदियां नाले उफान पर रहते हैं जिससे पुल के ऊपर से पानी जाता है ऐसी स्थिति में अपनी जान जोखिम में न डालें।

## समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश मिशन कर्मयोगी अंतर्गत पुलिस अधिकारियों को अद्यतन विषयों के प्रति कौशल,प्रशिक्षण व दक्ष बनाने के लिए नियंत्रण कक्ष सिवनी में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की विशेष पहल व कुशल नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन व न.पु.अ. श्रीमती पूजा पांडेय की गरिमामय उपस्थिति व कर कमलों से व जानकारी से ओतप्रोत संबोधन के साथ कार्यशाला प्रारंभ हुई। कार्यशाला की संयोजक अजाक थाना प्रभारी निरी.अनंती मर्सकोले, महिला थाना प्रभारी निरी. संदीपिका ठाकुर, कोतवाली प्रभारी निरी किशोर वामनकर, डूंडा सिवनी प्रभारी निरी सतीश तिवारी,लखनवाड़ा प्रभारी निरी सी के सिरामे की उपस्थिति रही।

प्रथम सत्र में प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों को प्रथम दिवस नव विधान बी.एन.एस.,बी.एन.एस.एस. के आलोक में विवेचना और अनुसंधान को लेकर निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व सेवा निवृत (डीएसपी) मोहन पटेल साहब ने प्रशिक्षित किया व जानकारी साझा की गई।

# बम-बम भोले जयघोष के साथ मुंडारा धाम से आरंभ हुई धर्म और आस्था की कांवड़ यात्रा

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी की समृद्धि की कामनाओं के साथ किया मां बैनगंगा की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

**बम-बम भोले जयघोष के साथ मुंडारा धाम से गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी के लिए आरंभ हुई धर्म और आस्था की विशाल कांवड यात्रा में विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने शिवभक्त के रुप मे सहभागिता कर सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं सभी के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामनाओं के साथ मां बैनगंगा की आराधना किया।**

ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रवण मास



के पावन अवसर पर मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी तक निकाली जाने वाली शिवभक्त कांवड़ियों की दो दिवसीय कांवड यात्रा आज 27 जुलाई, दिन रविवार को श्रावण मास शुक्ल पक्ष में प्रातः 10 बजे आरंभ की गयी।

यात्रा आरंभ होने के पूर्व में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने धर्मवीर पंडित अजीत तिवारी के मुखारविंद से प्रवाहित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां बैनगंगा का विधिवत दूग्ध अभिषेक, पूजन, अलौकिक भव्य आरती कर सभी के सुख, शांति व समृद्धि की मंगल कामनाएं किया।

तदोपरांत विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने श्रद्धालुओं के साथ उदगम स्थल की परिक्रमा कर बम बम भोले के जयघोष से धर्म और आस्था की पवित्र कांवड यात्रा आरंभ किया। इस वर्ष यात्रा के दौरान श्री राय की कांवड उनके सुपुत्र श्री श्रेष्ठ कान्हा राय ने कांधे पर रखकर सनातन धर्म ध्वजा लहराते हुए मातृ धाम कातलबोडी तक यात्रा किया।

प्रारंभ हुयी कांवड यात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग से होते हुए ग्राम छीतापार, गोंडेगांव तथा ग्राम कलबोडी के श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना उपरांत ग्राम गोपालगंज, बडकुमारी, मोहगांव से होते हुए प्रथम दिवस संध्या समय मातृधाम कातलबोडी पहुंची जहां कांवड़ियों द्वारा मंदिर में विराजित माता त्रिपुरसुंदरी की आराधना की गयी।

# देश के जवानों के लिए राखी भेजना चाहिए-भावसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 27जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि धार्मिक कार्यों में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से कार्य करें जिससे युवा लोग भी धर्म से जुड़े रहें



पाठशाला भी डिजिटल होना चाहिए गौशाला मंदिर में सहयोग करने वालों का सम्मान जरूर करना चाहिए जिससे आगे परंपरा बनी रहे जो देश की रक्षा करते हैं ऐसे जवानों के लिए राखी भेजना चाहिए जिससे उनका उत्साह बड़े और वह देश की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहे उनके लिए राखी के साथ आवश्यक सामग्री भी जरूर भेजें, ऐसी संतान होना चाहिए जो हमेशा धार्मिक क्रियाओं में आगे रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम, भाजपा मंडल केवलारी ने किया वृक्षारोपण

**भारतीय जनता पार्टी केवलारी मंडल के सदस्यों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम का 124 वां एपिसोड का प्रसारण नगर के मध्य में स्थित नगर परिषद मीटिंग हॉल में देखा गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केवलारी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के गौरव, शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष पर जाने एवं सकुशल वापस आने और उनके द्वारा अंतरिक्ष में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि आजकल देश के छोटे-छोटे बच्चों में भी वैज्ञानिक बनने की ललक जाग उठी है साथ ही मोदी ने देश के भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति,धार्मिक स्थल,धार्मिक आयोजनों और वहां के लोगों के द्वारा स्वरोजगार के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बताया गया। केवलारी भारतीय जनता पार्टी मंडल के मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल, सांसद प्रतिनिधि सुधीर पांडे ,पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, मंडल महामंत्री दीपचंद पिपरिया, कन्हैया रजक,जगन्नाथ साहू, पंकज गोस्वामी अशोक ठाकरे ,हरि जंघेला, दुर्गेश साहू ,मुकेश तिवारी आदि की उपस्थिति में संदीपनी सी एम राइज स्कूल ग्राउंड में श्री हनुमान मंदिर के पीछे एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ जिसमें नीम, जामुन के पेड़ लगाए गए। इससे वातावरण में स्वच्छ वातावरण बन सकेगा इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष द्वारा बताया गया की पार्टी के द्वारा समय-समय पर विभिन्न ऐसे आयोजन होते रहते हैं जिससे हमारे स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरण के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके।उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ता, एवं लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम से कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा बनकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देने की अपील की गई।

## गोपालगंज प्रांगण में किया गया पौधारोपण

एक पेड माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया के मार्गदर्शन में सी.एम.राईस स्कूल के गोपालगंज प्रांगण में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के बाद उनके संरक्षण के लिए सपथ ली गई , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौध रोपण के साथ जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे जिसमें विधायक श्री दिनेश राय(मुन मुन जी),सरपंच श्री हरिशंकर साहू,नवांकुर संस्था देव संस्कृति फाऊंडेशन गोपालगंज के अध्यक्ष रानू साहू,सचिव अशोक शिववेदी,परामर्शदाता धीरेंद्र चौरसिया, द्रौपती साहू,माया भलावी अध्यक्ष दिव्य शिक्षा आदर्श समिति के द्वारा पौधारोपण किया।परामर्शदाता धीरेन्द्र चौरसिया, सी एम सी एल डी पी कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत छात्र, छात्राएं व सामाजिक कार्यकताओं उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय मंडल महाकौशल प्रांत की बैठक संपन्न





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह चंदेल ने जारी प्रेस व्यक्ति में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय मंडल महाकौशल प्रांत की बैठक सिवनी जिले में संपन्न हुई जिसमें 23 जिले के लगभग 200 पदाधिकारी ने हिस्सा लिया साथ ही एचपी राष्ट्रीय बजरंग दल की महाकौशल प्रांत बैठक में संगठन द्वारा किए जा रहे।

कार्यों के विस्तार हनुमान चालीसा केंद्र समिति की रचना सहित आगामी कार्यक्रम की योजना बनी प्रांत बैठक को इंडिया हेल्पलाइन के राष्ट्रीय मंत्री बेटू चंदेल, एचपी के प्रांत महामंत्री एवं एडवोकेट $फोरम के प्रदेश अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी, एएचपी के प्रांत अध्यक्ष राजू चरणागर, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज बघेल, एएचपी के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति धनधारिया, मजदूर परिषद् के प्रांत अध्यक्ष आर के सिंह गहरवार, ओम् श्री परिवार के उमेशानन्द गिरी महाराज, एएचपी के प्रांत मंत्री शिव उसरेठे,प्रांत संगठन मंत्री ओमप्रकाश यादव, विभाग संगठन मंत्री अरविंद बघेल एवं अन्य गौरिशंकर भलावी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उक्त बैठक में शक्ति सिंह चंदेल को हिंदू हेल्पलाइन का प्रांत अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह को इंडिया हेल्पलाइन का प्रांत मंत्री आलोक प्रताप सिंह को राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रांत उपाध्यक्ष सुशी रागिनी राव को प्रांत मंत्री और जस्विनी परिषद मेहुल श्रीवास्तव को प्रांत मंत्री राष्ट्रीय छात्र परिषद्, अनिरुद्ध प्रताप सिंह को शहडोल विभाग का अध्यक्ष व राजेश तिवारी को एएचपी का विभाग अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का समापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के सर्किट हाउस चौक स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में सावन मास के शनिवार को अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ। अखण्ड रामायण पाठ शुरू करने के पूर्व विद्वान पुरोहितों द्वारा हनुमान जी के सम्मुख नवग्रह की स्थापना कर मंत्रोच्चरण के साथ नवग्रह पूजन व रामायण का पूजन किया गया।इसके बाद हनुमान जी महाराज का अभिषेक पूजन कर



चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से रामायण पाठ का वाचन प्रारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी अर्जुन पण्डा ने बताया कि मंदिर में विगत 21 वर्षों से सावन मास में अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है। रामायण पाठ के दौरान दिन में महिला मंडला द्वारा प्रस्तुति दी गई,वही शाम 7 बजे से अलग - अलग भजन मंडलियों द्वारा अपनी रात भर सुमधुर प्रस्तुति दी गई। शनिवार की सुबह शुरू किए गए 24 घण्टे के अखण्ड रामायण पाठ रविवार की दोपहर को संपन्न हुआ।अखण्ड रामायण पाठ के समापन के बाद हवन पूजन और महाआरती की गई। महाआरती के बाद रामभोज एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।



# राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा खैरी टेक में हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा खैरी टेक में हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन खैरी टेक, 26 जुलाई 2025 (शनिवार) , ग्राम खैरी टेक में राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा 26 जुलाई को होटल सिद्धिविनायक स्थित शिवशक्ति मंगल भवन में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम की अनेक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य आकर्षण के रूप में राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी, भजन संध्या, ओरातीय गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ और धार्मिक संवाद आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धार्मिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। प्रतिभागी महिलाओं को उनके प्रदर्शन के अनुसार सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमंग, उल्लास और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।



## कारगिल विजय दिवस का गरिमापूर्ण ढंग से हुआ आयोजन,शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी में कारगिल विजय दिवस का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ रितिका सोनी व कीर्ति द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत व हमारे जबाज़ सैनिकों के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## जिले में 705.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 27 जुलाई 25 तक 705.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 27 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 657.4 मि.मी, कुरई में 373.0 मि.मी., बरघाट में 500.7 मि.मी., केवलारी में 893.8 मि.मी., छपारा 767.5 मि.मी, लखनादौन में 644.1 मिमी, धनौरा में 692.4 मिमी एवं घंसौर में 1117.9 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5645.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

# पंचायतों के सरपंच- सचिवों की बैठक का हुआ आयोजन

**गत दिवस जनपद सभाकक्ष कुरई में में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 की सभी 25 पंचायतों के सरपंच/सचिवों की बैठक का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जिसमें ग्राम पंचायतों से प्राप्त समस्याओं एवं जानकारियों का प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है। 1. ग्राम पंचायतों द्वारा प्रस्तावित कार्य जो कि नियमानुसार होते हैं, उनकी स्वीकृति जनपद स्तर से स्वीकृति नहीं की जाती है। ठेकेदारों द्वारा ग्राम पंचायत से लाये गये प्रस्ताव पर तत्काल स्वीकृति मिल जाती है। तकनीकी स्वीकृति के लिए बहुत सी फाइलें लंबित हैं। जिन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। 2. ग्राम पंचायतों के कार्यों में बाहरी लोगों के द्वारा 181 लगाकर सरपंच एवं सचिवों को ब्लेकमेल किया जा रहा है। जिसकी सूचना आपको भी सचिवों दवारा दी गई है। पदेश पां 3. बहुत सी ग्राम पंचायतों में 5 वाँ वित्त एवं 15 वित्त की राशि का उपयोग नहीं किया गया है, ऐसी पंचायत चिन्हित कर गाईड लाईन के अनुरूप कार्ययोजना तैयारकर कार्य करवाये जावे । 4. मनरेगा का भुगतान ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता से किया जावे, देखने में आता है कि जिन कार्यों को ठेकेदारों के माध्यम से किया गया है, उनके भुगतान किया जाता है। 5. सहायक लेखा अधिकारी उमेश गढेवाल द्वारा मनरेगा का पैमेट के लिए 5 प्रतिशत की मांग की गई है जो की सर्वथा अनुचित है। 6. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अंतर्गत चल रही जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में अत्यन्त लापरवाही बरती जा रही है, जिन ग्रामों में इनके द्वारा कार्य किया जा रहा है वहाँ नालियां, सड़क इत्यादि तोड़ी गई जिसे पुनः मरम्मत नहीं किया गया है जिससे आवागमन एवं जल निकासी की व्यवस्था बाधित हो रही है। 7. शौचायल निर्माण की राशि शासन स्तर से नहीं आने ग्राम पंचायतों के नागरिकों द्वारा सरपंच/सचिवों को परेशान किया जाकर 181 लगाई जा रही है। 8. निलंबित सचिों को नियमानुसार 3 माह के उपरांत 75 प्रतिशत वेतन दिये जाने का प्रावधान है लेकिन नहीं दिया जा रहा है। 9. सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को निर्देशि किया जावे कि शासन द्वारा दी गई गाईड लाईन के अनुरूप ग्राम पंचायत के प्रस्तावित कार्यों पर शीघ्रता से स्वीकृति प्रदान की जावे । 10. शासन चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं, विभिन्न विभागों की निर्माण संबंधी योजनाओं के सफल संचालन हेतु सरपंचों को प्रशिक्षण दिया जावे । ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सके।

# ग्राम झोला में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का प्रभावी आयोजन

**पर्यावरण संरक्षण और नारी सशक्तिकरण को मिला नया आयाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केवलारी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत झोला में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि नवांकुर सखी समूहों को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और नारी सशक्तिकरण की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एन. डेहरिया (प्राचार्य, शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी) रहे, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. संजय मिश्रा (सहायक प्राध्यापक) थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अविनाश तिवारी (सामाजिक कार्यकर्ता), डॉ. मनोज टेम्भरे (सहायक प्राध्यापक), धानुलाल चौरसिया (प्रधान पाठक, झोला), रामसहाय चंद्रवंशी (अध्यक्ष, प्रस्फुटन समिति), तथा कृपाराम चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार बसगोटिया (सरपंच, ग्राम पंचायत झोला) ने की।

### ग्राम पाथरवाड़ा के तालाब और कतरकना शमशाट घाट के पास नवजात शिशु का शव बोरी में बंधा हुआ बरामद

# इंसानियत हुई शर्मसार : बोरी में बंधा मिला मृत नवजात शिशु का शव

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है. थाना क्षेत्र के ग्राम पाथरवाड़ा के तालाब और कतरकना शमशाट घाट के पास कच्ची सड़क में एक नवजात शिशु का शव बोरी में बंधा हुआ बरामद किया गया है. इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. रविवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास रामनगर निवासी राम गुर्जर और राजा ऐडे.ने सबसे पहले शव को देखा और डॉयल 100 पुलिस को सूचना दी. यह दोनों बिसापुर गए थे वापस में लौटकर कतरकना के रास्ते से पाथरवाड़ा की तरफ जा रहे थे. जिन्हें तालाब के पास बोरी दिखाई दी. जिसे उन्होंने खोलकर देखा और बोरी को खोलते ही उनके होश उड़ गए. बोरी में नवजात शिशु का शव था. नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने शव बरामद किया और दोपहर 12 बजे के बाद शव का पीएम कराकर विधिवत अंतिम संस्कार भी कर दिया. थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि मामले की जांच विवेचना जारी है।

बता दें कि नवजात शिशु को पहले पॉलीथिन के भीतर लपेटा गया था जिसके बाद ऊपर से दो अतिरिक्त बोरियां बांधी गई थी. नवजात के शव को नष्ट करने के लिए नमक का भी इस्तेमाल किया गया था. अनुमान लगाया जा रहा है कि शव को सड़क के किनारे तालाब में या किसी अन्य स्थान पर फेंका गया होगा. आवारा कुत्तों ने बोरी को खीचतें हुए सड़क तक लाया. जिस पर लोगों की नजर पड़ी. हालांकि इसकी कोई ठोस तरीके से पुष्टि नहीं हो पाई है. मगर, खेत में कृषि कार्य के लिए जाने वाली कुछ महिलाओं ने बताया कि शनिवार की शाम सड़क पर कोई बोरी नहीं थी. शनिवार की रात्रि 10 बजे इस रास्ते से गुजरने वाले एक युवक ने भी उस वक्त तक बोरी नहीं होने की बात कहीं है. बोरी किसने फेंकी है इसका कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है. नवजात का शव मिलने के बाद चर्चा रही कि यह कृत्य एक मां का नहीं हो सकता. यह अमानवीय कृत्य है, जिसने समाज को झकझोर कर रख दिया है. वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है. पुलिस की जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी. बहरहाल, अभी सभी के जेहन में यहीं सवाल है कि शिशु की हत्या की गई या फिर शिशु ने मृत जन्म लिया था. शिशु का जन्म कब हुआ था. उसे जन्म देने वाले कौन है. क्या यह नवजात शिशु कटंगी थाना क्षेत्र का ही है या फिर किसी अन्य स्थान से लाकर यहां फेंका गया है. इन तमाम सवालों के जवाब जांच के बाद ही मिलेंगे।

इस पूरी घटना के सामने आने के बाद जिला बाल कल्याण समिति सदस्य रामेश्वर मटाले ने घटना की निंदा की है. उन्होंने बताया कि समिति ऐसे बच्चों की पहचान करती है जो खोए हुए, परित्यक्त, अनाथ, या माता-पिता द्वारा स्वेच्छा से छोड़े गए हैं. उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि कोई नवजात शिशु असुरक्षित स्थिति में पाया जाता है, तो उसे तुरंत समिति के पास पहुंचाए. उन्होंने बताया कि कई बार नाजायज नवजात शिशु की हत्या कर दी जाती है या फिर उसे कहीं भी फेंक दिया जाता है ऐसा करने की बजाए समिति से संपर्क किया जा सकता है उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताए गए आपदा से बचने के तरीके



**बालाघाट।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण म.प्र. भोपाल एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बालाघाट के तत्वाधान में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बचाव संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। यशोदा देवी शिक्षण समिति बालाघाट द्वारा आपदा से बचाव के तरीके बताए जा रहे।

बाढ़ से प्रभावित किरनापुर एवं लांजी विकासखंड के चयनित ग्राम नेवरगांवकला, मंगोलीकला, धड़ी, रजेगांव, पारडी, चिखलामाली, सावरीकला, कान्द्रीखुर्द में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण एवं जनजागृति कार्यकम आयोजित कर बाढ़ आपदा, सर्पदंश, आकाशीय बिजली आदि आपदाओं से सुरक्षा एवं बचाव कैसे करे इस विषय पर प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया । जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ ग्राम पंचायतो में आपदा से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन दलों का गठन किया गया इसमें शामिल सरपंच, सचिव, ग्राम के सदस्य, ग्रामीण जनों को प्रशिक्षित किया गया।

### सुगमता से सशक्तता, दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने ज़िले में फिर संपन्न हुआ सहायक उपकरण वितरण शिविर

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक सराफ के नेतृत्व मे लगभग 6 माह पूर्व आरंभ हुए दिव्यांग जन सशक्तिकरण अभियान के एक और चरण का 26 जुलाई को सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की गरिमामय उपस्थिति मे 543 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को 37 लाख 98 हजार रुपये की लागत की मोटर ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सीपीचेयर जैसे कुल 1810 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इससे दिव्यांग जनों को सुगम समावेशी व गरिमामय जीवन के लिए प्रतिबध्द मप्र शासन के संकल्प को चरितार्थ किया गया है।

### जिले में अब तक 803 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 27 जुलाई 2025 तक 803 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 531 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 27 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 42 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

## सेलवा में दिन-दहाड़े सूने मकान में चोरी : सोने-चांदी के जेवर और 10 हजार की नकदी रकम की पार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा के डोंगरूटोला में एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरी की यह वारदात रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे से 03 बजे के बीच हुई है. मिली जानकारी अनुसार डोंगरूटोला निवासी दिलीप ठाकरे के घर में चोरी की वारदात हुई है. चोरों ने घर के सामने के दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर के भीतर आलमारी का लॉक तोड़कर 1 जोड़ी पायल, चांदी की फूल करधान, सोने की नथनी, सोने की अंगूठी, सोने का पैंडल, मंगलसूत्र, चांदी के कड़े, 1 जोड़ी पैर पट्टी और करीब 10 हजार रुपए की नकदी रकम की चोरी की और सारा सामान अस्तव्यस्त पड़ा था. ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि तीन संदेहियों को घुमते हुए देखा गया है. चोरी उस वक्त जब ठाकरे परिवार को प्रत्येक सदस्य अपने-अपने काम से गया हुआ था. दिलीप ठाकरे मजदूरी करने के लिए थे. उनकी धर्मपत्नी अर्चना घर से कुछ दूरी पर कृषि कार्य के लिए गए थी. अर्चना ठाकरे ने बताया कि वह दोपहर 12 बजे घर आई थी. बच्चे को खाना खिलाया और फिर घर में ताला लगाकर खेत चली गई. दोपहर में 3 बजे जब फिर से घर वापस आई तो देखा कि घर का ताला टूटा है और भीतर में सामान बिखरा पड़ा है. अर्चना ठाकरे ने घर में चोरी होने की सूचना पति को दी. जिसके बाद पति-पत्नी ने थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज करवाई. सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर चोरों की तलाश शुरू दी है।

गौरतलब हो कि इन दिनों चोर रात्रि की बजाए दिन में ही चोरी की वारदात को अधिकतर अंजाम दे रहे है. ग्रामीण अंचलों से चोरी की शिकायतें आए दिन सामने आ रही है. असल में अभी ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण कृषि कार्य के लिए मकानों को सूना छोड़कर खेत चले जाते है. इसी का फायदा उठाकर चोर दिन-दहाड़े ही चोरी की वारदातों को अंजाम देते है. बीते दिनों बोपली से भी इसी तरह की घटना सामने आई थी. यहां भी दिन-दहाड़े ही चोरी की वारदात हुई थी. अज्ञात चोर चंद मिनटों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है।

### माँ छाया सहित बिसेन बंधुओं ने तिलक चंदन लगाकर शिवभक्तों का किया स्वागत

# गर्रा से निकली रमरमा के लिए कावड़ यात्रा







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सावन का महिना, हिन्दु धर्म को मानने वाले लोगों के लिए अहम होता हैं। इस महीने में देशभर से लोग श्रद्धाभाव से भगवान शिव की पूजा आराधना करते हैं। ग्राम गर्रा में बीते कल रविवार को गर्रा बस्ती आखर मैदान से बिसेन बंधुओं के द्वारा कावड़ियों को तिलक चंदन लगाकर यात्रा को डीजे के साथ भगवान की शिव की शोभा यात्रा निकालते हुए रवाना किया गया। आखर मैदान में ग्राम प्रधान वैभव बिसेन, वैनगंगा मजदूर यूनियन संघ अध्यक्ष भाई विशाल बिसेन, माताश्री छाया बिसेन, कावड़ यात्रा के अध्यक्ष विशाल मात्रे उपस्थित थे। डीजे की धून पर शिवभक्त उछलते कूदते वारासिवनी रोड़ से यात्रा रमरमा के लिए निकली हैं। ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवभक्त रात्रि में ग्राम पंचायत कटंगझरी में विश्राम करेंगे और फिर सूर्योदय के पश्चात शिवभक्तों की टोली रमरमा जलाभिषेक करने पहुंचेगी। ग्राम प्रधान ने कहा हमारे द्वारा पिछले 5वर्षों से कावड़ यात्रा निकाली जा रही हैं। शिव यात्रा में भोलेनाथ के भक्त वैभव बिसेन भक्ति में झूमते नजर आयें।

## अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में म.प्र. लांजी के खिलाडी ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज लांजी।

अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के कोच तोषराम कनोजे किया शानदार प्रदर्शन दिनांक 25 से 27 जुलाई 2025 तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के नेताजी इंडोर स्टेडियम में संपन्न वीं अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश तोषराम कनोजे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइट और काता दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक अर्जित किए।तोषराम कनोजे वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रीवा में जिला कराटे कोच के रूप में कार्यरत हैं तथा निरंतर खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त खेल परिवार एवं जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र चिखला काभारत सरकार के केन्द्रीय दल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर श्री कार्तिकेय जायसवाल के दिशा निर्देशन में 25 जुलाई को आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केंद्र चिखला का भारत सरकार के केन्द्रीय दल द्वारा नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंशन स्टेण्डर्ड (एनक्यूएएस) निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप ने बताया कि केन्द्रीय दल में भारत सरकार के नेशनल असेसर डॉ. निमेश आर चौधरी (गुजरात) एवं डॉ. प्रसन्नजीत राय (पश्चिम बंगाल) शामिल थे।संस्था में वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनिता दासरे, एएनएम श्रीमती गीता मेश्राम, आशा कार्यकर्ता ललिता उईके एवं लक्ष्मी उके पदस्थ है। संस्था के अंतर्गत ग्राम चिखला एवं सिहोरा का समावेश है। संस्था का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में डीपीएम श्री विक्रम सिंह ठाकुर, प्रभारी सीपीएचसी सलाहकार श्री राजाराम चक्रवर्ती, बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे, जिला क्वॉलिटी नोडल डॉ.पंकज महाजन, जिला क्वालिटी मेंटर श्री विनोद कामडे, सीएचओ मेंटर ज्योति रहांगडाले, डॉ. गुरुकुमार बम्हुरे, शालिनी डोंगरे, दुर्गेश्वरी पारधी, उमेश्वरी कटरे, डॉली भूरे, पूनम मानेश्वर, संतोषी बोपचे, ज्योति भौतेकर सभी का निरंतर सहयोग रहा।

### छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने सीएम आवास में किया सम्मान

# बालाघाट की बेटी अंजली पंवार बनीं 2025 मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट जिले की संस्कारधानी वारासिवनी तहसील मुख्यालय की बेटी डा. अंजली पंवार ने मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब अपने नाम किया हैं। इसके चलते अंजली का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीएम आवास में बुलाकर सम्मान किया गया। अब वह मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 में प्रतिभागी बनकर नगर का नाम पूरे देश में रोशन कर रही हैं। डा. अंजली पंवार वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर एक मिश्रा नगर निवासी पिता भुवन प्रसाद राहंगडाले (रसायन) व्याख्याता तथा माता पूजा राहंगडाले गृहणी हैं। डा. अंजली पंवार ने नगर में ही शिक्षा अध्ययन की थीं। उसके बाद दंत चिकित्सक की पढ़ाई इंदौर से पूरी की है। वर्ष 2018 में वहां पढ़ाई के साथ ही मिस इंदौर का खिताब अर्जित किया था, इसलिए उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सम्मानित कर चुके है। उनका विवाह रायपुर निवासी भारतीय इंजीनियर सेवा (आईईएस) में कार्यरत प्रसन्न बोपचे से हुआ। डा. अंजली पंवार गृहस्थी व दंत चिकित्सा का कार्य करने के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं में शामिल होते रहती हैं। गत मई माह में संपन्न हुए मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 में हिस्सा लेकर अव्वल स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का नाम रोशन किया हैं। मिस यूनिवर्स यूनिवर्स छत्तीसगढ़ बनने के बाद मिस यूनिवर्स इंडिया वर्ष 2025 के लिए इंदौर में चल रही प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया हैं। बता दें कि मिस यूनिवर्स का खिताब प्रत्येक राज्य में आयोजित किया जाता है। यहां से अव्वल रहने वाले प्रतिभागी इंडिया लेवल में होने वाले मिस यूनिवर्स इंडिया में हिस्सा लेते है। 18 जुलाई से इंदौर में प्रारंभ हुए मिस यूनिवर्स इंडिया में डा. अंजली पंवार समेत 53 प्रतिभागियों ने शिरकत की हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया लेवल की स्पर्धा इंदौर के अलावा जयपुर और कानपुर में भी होना है। आगामी 18 अगस्त को फाइनल फिलाने जयपुर में संपन्न होना है। डा. अंजली पंवार ने मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 अपने नाम करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना परिजनों, मित्रों समेत बालाघाट जिले के निवासियों ने की हैं।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
•B.Com •M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111